प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने आज ग्रेटर नोएडा में भारत शिक्षा एक्सपो का किया शुभारम्भ : कहा– शिक्षा को संस्कार और रोजगार से जोड़ती है नई शिक्षा नीति।
2. प्रदेश में उपचुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुरादाबाद के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में की जनसभा : सीसामऊ सीट को लेकर भाजपा ने की बैठक।
3. प्रयागराज में लोकसेवा आयोग कार्यालय के बाहर आज छात्रों ने किया प्रदर्शन : पीसीएस समेत आरओ, एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा एक दिन, एक शिफ्ट में कराने की मांग।

और

4. पर्यावरण और वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने आज अमरोहा के गंगा तिगरी धाम में कार्तिक पूर्णिमा मेले का किया उद्घाटन : 11 हजार दीप जलाकर की गई गंगा आरती।

———————

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने आज ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भारत शिक्षा एक्सपो का शुभारम्भ किया। यह एक्सपो 13 नवम्बर तक चलेगा। एक्सपो में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते

हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीक से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो दुनियाभर के विश्वविद्यालयों को एक मंच पर लाकर शिक्षा में नवाचार और नई सोच को बढ़ावा देने का प्रयास है।

बाइट....

*नवाचार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है नई शिक्षा नीति में। एआई सेक्टर बढ़ रहे हैं। तकनीक को तेजी से जोड़ा जा रहा है। नई शिक्षा नीति के द्वारा अभी हाल ही में तीन नये सेंटर एक रोपड़ में आईआईटी को एग्रीकल्चर और इंटेलीजेंस से जोड़ा गया है। ऐसे ही कानपुर में आईआईटी स्मार्ट सिटी नगर के विकास को इससे जोड़ा गया है। केजी टू पीजी एक शिक्षा का सेंटर बने। हाल ही में हमारे मुख्यमंत्री के मार्ग निर्देशन में उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में 6 ऐसे शहर स्लेक्ट किये हैं जहां पर केजी टू पीजी का पूरा कैम्प शिक्षा का एक जगह होगा।*

———————

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिये चुनाव प्रचार तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किये गये अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कानपुर में सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को लेकर कल संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के कार्योका लेखाजोखा लेकर जनता के बीच जायेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उपचुनाव वाली सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी भारी मतों से विजयी होंगे।

—————————

**प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर हाने वाले उपचुनाव में कानपुर की सीसामऊ सीट पर भाजपा और सपा प्रत्याशी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस सीट पर भाजपा और सपा के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशी के लिये जमकर चुनाव प्रचार रहे हैं। एक रिपोर्ट.....**

*सीसामऊ विधानसभा सीट पर भाजपा ने सुरेश अवस्थी को टिकट दिया है। जबकि समाजवादी पार्टी से एमपी एमएलए कोर्ट से आगजनी सहित अन्य मामलों में सजा सुनाये जाने के बाद जेल में सजा काट रहे पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को इंडिया गठबंधन ने सपा से प्रत्याशी बनाया है। वही बहुजन समाज पार्टी ने वीरेंद्र कुमार शुक्ला को टिकट दिया है। जबकि सीसामऊ उपचुनाव के लिए सभी जन पार्टी और एक निर्दलीय प्रत्याशी सहित कुल 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में शामिल है। सीसामऊ विधानसभा सीट पर पिछले तीन विधानसभा चुनाव में इरफान सोलंकी ने विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है। एमपी एमएलए कोर्ट से सजा सुनाए जाने के बाद इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई थी। इस सीट पर भाजपा और सपा दोनों अपने–अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर नगर।*

—————————

आगरा के एयरफोर्स स्टेशन पर आज एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, एओसी–इन–सी सेंट्रल एयर कमांड ने भारतीय वायुसेना सी–295 फुल मोशन सिम्युलेटर (एफएमएस) सुविधा का उद्‌घाटन किया। यह सिम्युलेटर पायलटों को पैराड्रॉपिंग, पराट्रूपिंग और आपदा राहत सहित अन्य मिशनों का अनुकरण करके यथार्थवादी वातावरण में प्रशिक्षण देने में सक्षम बनाता है। यह सुविधा सी–295 बेड़े की परिचालन क्षमता में वृद्धि करेगी।

—————————

प्रयागराज में आज लोकसेवा आयोग कार्यालय के बाहर पीसीएस–प्री 2024 और आरओ/एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा–2023 में नॉर्मलाइजेशन के विरोध में हजारों अभ्यर्थियों ने धरना दिया। अभ्यर्थी एक दिन एक शिफ्ट में परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। धरने के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ पुलिस की झड़प भी हुई। पीसीएस प्री की परीक्षा 7 और 8 दिसम्बर को प्रस्तावित है। वहीं आरओ/एआरओ प्रारम्भिक परीक्षा–2023 22 और 23 दिसम्बर को कराई जायेगी।

—————————

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने आज भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने

न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

---------

छठ पूजा के बाद अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही है। इसी क्रम में आज पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अलग–अलग रूटों से तैंतालीस विशेष ट्रेनें चलायी जा रही है। इनमें से 22 ट्रेनें गोरखपुर से होकर गुजरेंगी।

---------

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

-----------

**अयोध्या में प्रसिद्द कार्तिक पूर्णिमा मेले क दूसरे चरण की पंचकोसी परिक्रमा आज से शुरू हो गई है, जो कल दोपहर ग्यारह बजकर अड़तीस मिनट तक चलेगी। प्रशासन ने पंचकोसी परिक्रमा के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा के प्रबध किए हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.....**

*अयोध्या के प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेले का दूसरा चरण पंचकोसी परिक्रमा इस समय चरमोत्कर्ष पर हिलोरें ले रहा है। देवोत्थानी हरि प्रबोधनी एकादशी लगते ही श्रद्धालुओं ने पावन सलिला सरयू में स्नान कर ,मंत्रोच्चारण के साथ परिक्रमा उठाई और फिर क्या था, ढोल–मजीरों की गूँज, साधू–संतों के भजन,महिलाओं के अवधी गायन, अबोध बच्चों से लेकर अति वृद्धों तक का मनोबल अट्ठारह किलोमीटर लम्बे परिक्रमा मार्ग पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति के वातावरण का सन्देश बन गया और ऐसा लग रहा है जैसे श्रद्धालु माला का रूप धारण करके तीर्थ स्थल अयोध्या की उपासना कर रहे हों,साथ ही भीड़ में शामिल विदेशों से आये भारतीय अप्रवासी परिक्रमा के विश्व व्यापकता को स्थापित कर रहे हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————

**अमरोहा के गंगा तिगरी धाम में कार्तिक पूर्णिमा मेला आज से शुरू हो गया। इसका उद्घाटन प्रदेश के पर्यावरण और वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने गंगा में दुग्धाभिषेक करके किया। इस मौके पर 11 हजार दीप जलाकर गंगा आरती की गई और लेजर–शो का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा मेले का मुख्य स्नान 15 नवम्बर को होगा।**

———————

वाराणसी में 15 नवम्बर को देव दीपावली धूमधाम से मनाई जायेगी। इस अवसर पर गौ माता के गोबर से बनाये गये दीयों से काशी के घाट जगमगायेंगे। इन दीयों की लौ में काशी की आत्मनिर्भर महिलाओं के हाथों का हुनर भी झलकेगा। देव दीपावली के मौके पर गाय के गोबर से बने दीयों को बनाने का काम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही है। एक रिपोर्ट.....

*वाराणसी में देव दीपावली 15 नवंबर के मौके पर, वाराणसी के घाटों पर लाखों दीप जलाने की तैयारी हो रही है। खास बात यह है कि इन दीपों का निर्माण गाय के गोबर से किया जा रहा है और यह कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। 7 स्वयं सहायता समूहों की 25 परिवारों की महिलाएं इस कार्य में जुटी हुई हैं और उनका लक्ष्य 30,000 गोबर से बने दीप तैयार करना है। पहले जहां देव दीपावली पर महिलाएं मुश्किल से 400–500 रुपये कमाती थीं, अब उन्हें इस कार्य के लिए लगभग 4,000 से 5,000 रुपये की आय हो रही है। महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनी हैं और अपने पैरों पर खड़ी हैं, जिसका सीधा लाभ उनके परिवारों को मिल रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह ।*

———————

तापमान में गिरावट के साथ मौसम के मिजाज में ठंड की दस्तक हो चुकी है। इस बीच, पुरवा हवा के प्रभाव से बढ़ रही नमी के चलते आज सुबह प्रदेश के कई जिलों में मध्यम कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आने वाले दिनों में शुष्क मौसम के कारण तापमान में गिरावट बनी रहेगी।

(समाप्त)